## म.प्र. के शौर्यांश और क्रियांश ने राष्ट्रीय नानचाकू चैंपियनशिप कानपूर में लहराया जीत का परचम



इंदौर! कानपूर में आयोजित राष्ट्रीय ननचाकू चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश इंदौर के बच्चो ने अपने राज्य का परचम लहराया। पारसमल जैन के पोते, सुमन सेठिया के नाती शौर्यांश जैन ने फाइट, काता एवं फ्रीस्टाइल में देशभर से आये प्रतिभागियों से जीतकर तीनो प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल हासिल किया! शौर्यांश तीन गोल्ड मैडल जीतकर पहले स्थान पर रहा। तेजकुमार तांतेड़ के पोते क्रियांश तांतेड़ ने फाइट में गोल्ड एवं काता में सिल्वर मैडल के साथ जीत हासिल की। इस चैंपियनशिप में अन्य राज्यों महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखण्ड, वेस्ट बंगाल, उत्तराखंड, हरयाणा, दिल्ली से 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। समाज के गणमान्य सदस्यों ने दोनों बच्चो की जीत पर समाज की तरफ से शुभकामनाएं और बधाई दी। साथ ही स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित कर बच्चो को प्रोत्साहन दिया गया एवं आगे भी इसी तरह प्रदेश का नाम उच्चा रखने की बधाई दी। बच्चो को जीत पर पियूष दिव्या जैन और मयंक मोना तांतेड़ ने भी हर्ष व्यक्त किया।

## इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन के नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल का नवीनीकरण

इंदौर/इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन ने नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल का नवीनीकरण (जीर्णोद्धार)किया, इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर पी सिंह नैयर ने बताया कि दोनों कोर्ट को सतह की घिसाई कर उसको और बैडमिंटन हाल को रंगाई-पुताई करके नया स्वरुप दिया गया है, नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल के नवीनीकरण के बाद शुरुआत पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी, विक्रम पुरस्कार प्राप्त सीमा बापना(भंडारी)ने किया, कोर्ट पूजन के साथ शुरुआत हुई, इस अवसर पर इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर पी सिंह नैयर, सह सचिव धर्मेश यशलहा, मनीष त्रिवेदी,विनय रामचंदानी, सतीश अग्रवाल, वीर चिमनानी, कमलप्रीत कौर नैयर, मनोज बापना, रितेश चंदानी, संजय जैन, विनोद जयवानी, हरीश वासवानी, विकास चिमनानी, सनी टुटेजा आदि मौजूद थे, सीमा बापना, आर पी सिंह नैयर, धर्मेश यशलहा, विनय रामचंदानी, रितेश चंदानी आदि बैडमिंटन भी खेले , सभी ने अवलोकन किया और नवीनीकरण की सराहना की, नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में जल्दी ही जिला और जिला रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा आयोजित की जाएंगी

## आशुतोष यादव ने स्वर्ण पदक जीता




इंदौर। खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 आयोजित स्थल उज्जैन में चल रहे कुश्ती प्रतियोगिता में शासकीय सांदीपनि मल्हार आश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामबाग इंदौर के छात्र आशुतोष यादव पिता श्री बलराम यादव 82द्यद्द ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है द्य इस उपलब्धि पर प्राचार्य देवेंद्र कुमार रामिश उप प्राचार्य रेखा बावरिया व खेल शिक्षक भगवान जाधव ,गुरु वेद प्रकाश , कृपा शंकर पटेल, मल्हार मार्थनढ अखाड़ा के अध्यक्ष श्री लक्ष्मण यादव, सचिव कल्लू बड़े,उस्ताद राधेश्याम माली अनिल गुप्ता तथा शाला परिवार के शिक्षक शिक्षिकाये, सहायक कार्यालय के सदस्य गण द्वारा बधाई व भविष्य में उज्जवल कार्य की शुभकामनाएं दी गई

## खेलो एमपी युथ गेम्स (थ्रोबाल) इंदौर सभांग की पदक प्राप्त



**इंदौर।** खेल और युव कल्याण विभाग के तत्वधान में खेलो एम.पी. युथ गेम्स को आयोजन 29/01/2026 से 30/01/2026 को मध्यप्रदेश थ्रोबाल एसोसिएशन के परीसर अरेरा कालोनी में हुआ। जिसमें कुल 10 सभांग में भाग लिया। जिसमें इन्दौर सभांग की बालीका ने उत्कष्ट प्रदशन करते हुए उज्जैन सभांग को सेट से पराजीत किया। इन सभी की सफलता पर खिलाड़ी एवं कोच को बधाई दी। विजेता टिम को इंदौर जिला थोबाल एसोसिएशन के सर्व श्री विश्रवामित्र तिवारी, श्री राजेश सोनी, श्री भरत जोशी, श्री प्रणव भोडवे, श्री संतोष कोशिक, श्री अमन तिवारी, श्री सपना कुलकर्नी, श्री अभिषेक मुकाती, श्री भावेश बुदेंला श्री दिपक वर्मा, श्री लखन धीमान, श्री राहुल गोले, श्री विरेंद्र सिंह, वैष्णवी गेहलोत, नमन बर्फा, इन सभी ने बधाई दी।

### मुंबई में 12 और कोलंबो में 8 टीमों के कप्तान शामिल होंगे

# टी-20 वर्ल्ड कप का कैप्टन्स डे दो शहरों में होगा







**मुंबई - टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से होने जा रही है। इससे पहले, 5 फरवरी को ICC ने कैप्टन्स डे रखा। कैप्टन्स डे दो शहरों मुंबई (भारत) और कोलंबो (श्रीलंका) में होगा। कैप्टन्स डे एक मीडिया कार्यक्रम है, जहां कप्तान मीडिया से बात करेंगे।**

मुंबई में 12 टीमों के कप्तान आएंगे मुंबई में होने वाले कैप्टन्स डे मीट में कुल 12 टीमों के कप्तान हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम 5 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत, अफगानिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड, इटली, नामीबिया, नेपाल, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज के कप्तान शामिल होंगे। सभी कप्तानों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मीडिया से बातचीत के दौरान टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।ग्रुप-1 की प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 3:00 बजे और ग्रुप-2 की प्रेस कॉन्फ्रेंस 3:30 बजे शुरू होगी। यह कैप्टन्स डे मीट क्व्रष्टद्ध ऑफिस वानखेड़े स्टेडियम (मुंबई) में आयोजित की जाएगी। कोलंबो में 8 देशों के कप्तानों की कैप्टन्स डे मीट 5 फरवरी को कोलंबो में भी कैप्टन्स डे का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, नीदरलैंड, ओमान, पाकिस्तान, यूएई और जिम्बाब्वे की टीमों के कप्तान शामिल होंगे। यहां भी सभी कप्तानों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मीडिया से बातचीत करते हुए टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। ग्रुप-1 की प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 12:00 बजे, जबकि ग्रुप-2 की प्रेस कॉन्फ्रेंस 12:30 बजे शुरू होगी। यह कार्यक्रम कोलंबो के मर्केंटाइल क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) में आयोजित किया जाएगा।

**भारत के 5, श्रीलंका के 3 वेन्यू पर टूर्नामेंट-** भारत में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम, कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम, चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे। वहीं श्रीलंका में कोलंबो और कैंडी में मुकाबले होंगे। कोलंबो में आर प्रेमदासा और सिनहले स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम पर मैच खेले जाएंगे। टीम इंडिया मुंबई, दिल्ली, कोलंबो और अहमदाबाद में ग्रुप स्टेज के मैच खेलेगी।



## सिर्फ टी20 WC जीतने पर फोकस, सुरक्षा पर भरोसा: मार्श

**लाहौर**-ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ ञ्20 वर्ल्ड कप मैच का बहिष्कार करने और बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने से जुड़े सवालों का जवाब दिया, लेकिन दोनों विवादों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, और जोर देकर कहा कि उनका एकमात्र फोकस इस बड़े टूर्नामेंट को जीतने पर है। मार्श यहां घरेलू टीम से 0-3 से ञ्20 सीरीज हारने के बाद पाकिस्तानी मीडिया का सामना कर रहे थे।प्रदर्शन के बारे में बताने के अलावा, उनसे मैदान के बाहर के ड्रामे के बारे में भी पूछा गया, जिसने इस बड़े इवेंट की तैयारियों पर असर डाला है, जिसकी सह-मेजबानी भारत और श्रीलंका 7 फरवरी से करेंगे।जब उनसे 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के बहिष्कार के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, 'इस समय मेरे पास इस पर कोई टिप्पणी नहीं है। हम वर्ल्ड कप में सिर्फ अपने काम पर ध्यान देने जा रहे हैं, हम उन चीजों को अपने आप संभालने देंगे। '



## भारत अगले साल शूटिंग की मेज़बानी करेगा

**नई दिल्ली-** भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप की मेज़बानी करेगा, जहाँ 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर होंगे, जो देश के शूटिंग कैलेंडर के लिए एक ऐतिहासिक पहली घटना होगी, जिसमें पहले से ही वर्ल्ड कप में एक ओलंपिक क्वालिफायर शामिल है। एशियाई प्रतियोगिता में आठ स्लॉट उन 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे जो अगले साल 21 से 30 अप्रैल तक होने वाले वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में मिलेंगे, जो दिल्ली में ही आयोजित होगा।एशियाई आयोजन के आवंटन की पुष्टि एशियाई शूटिंग परिसंघ ने नेशनल राइफल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) के अध्यक्ष कालिकेश सिंह देव को लिखे एक पत्र में की। NRAI ने कहा कि एशियाई क्वालिफायर की तारीखें उचित समय पर तय की जाएंगी। 'हम नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेज़बानी के अधिकार जीतने के लिए बधाई देते हैं, जहाँ L 2028 ओलंपिक के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे। 'यह पहली बार है जब भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेज़बानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है।

### टी 20 वर्ल्ड कप टिकट बिक्री का तीसरा चरण शुरू

**नई दिल्ली-** BCCI ने दो सफल टिकटिंग विंडो के बाद आने वाले ञ्20 वर्ल्ड कप के लिए टिकट बिक्री के तीसरे चरण की शुरुआत की घोषणा की, जिसमें पहला चरण 11 दिसंबर, 2025 को और दूसरा चरण 14 जनवरी, 2026 को शुरू हुआ था। BCCI ने एक रिलीज़ में कहा कि यह नया चरण फैंस को टूर्नामेंट के मैचों के लिए सीटें पक्की करने का एक और मौका देता है, जिसमें दुनिया की बेहतरीन टीमें एक साथ आएंगी।शनिवार से शुरू होने वाला ञ्20 वर्ल्ड कप भारत के कुछ सबसे मशहूर क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जिससे ऐसा माहौल बनेगा जहां फैंस पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और फॉर्मेट की तीव्रता को देख सकेंगे।जैसे-जैसे मेज़बान शहरों में तैयारियां आखिरी चरणों में पहुंच रही हैं, BCCI, स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर, वेन्यू की तैयारी, ऑपरेशनल प्लानिंग और मैच-डे अनुभव पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# संजू सैमसन पर पहले ही हो जाएगा फैसला ?

**मुंबई- संजू सैमसन इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा में बने हुए हैं। टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीतकर अब आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी में जुटी है, लेकिन बातें संजू सैमसन की हो रही है। वो इसलिए क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में वे बुरी तरह से फ्लॉप रहे थे। ऐसे में अब सवाल उठना शुरू हो गया है कि क्या संजू टी20 विश्व कप में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में खेलेंगे या फिर उन्हें बाहर ही बैठना होगा।**

**चार फरवरी को भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी वार्मअप मैच**-टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में अपना पहला मुकाबला 7 फरवरी को खेलेगी। ये मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में यूएसए के खिलाफ खेला जाएगा। इस मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन क्या होगी, काफी कुछ चार फरवरी को तय हो जाएगा। भारतीय टीम विश्व कप से पहले अपना वार्मअप मैच चार फरवरी को साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी। वैसे तो इस मैच के मायने कुछ ज्यादा नहीं होते, लेकिन तैयारी के लिहाज से ये मैच काफी अहम होगा। इस मैच में सूर्यकुमार यादव किन प्लेयर्स को मैदान में उतारते हैं, वो देखना काफी दिलचस्प होगा।

**संजू सैमसन से लेकर ईशान किशन को दे दिए गए थे कीपिंग के लिए ग्लव्स**-आपको याद होगा कि जब भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला गया था, तब टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में संजू सैमसन एक विकटकीपर बल्लेबाज के तौर पर खेल रहे थे, लेकिन जब दूसरी पारी में भारत की फील्डिंग आई तो ग्लव्स ईशान किशन को सौंप दिए गए और संजू मैदान में फील्डिंग करते हुए दिखाई दिए। इसी के बाद से इस तरह की चर्चा शुरू हो गई कि अब संजू का पत्ता कटना तय है और ईशान किशन एक विकेटकीपर बल्लेबाज और ओपनर के तौर पर मैदान में उतरेंगे।

**भारत बनाम न्यूजीलैंड सीरीज में ऐसा रहा संजू और ईशान का प्रदर्शन**-भारत बनाम न्यूजीलैंड टी20 सीरीज के दौरान ईशान किशन ने केवल चार ही मैच खेले और इसी में उन्होंने 215 रन ठोक दिए। उन्होंने 231.18 के स्ट्राइक रेट से न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। सूर्यकुमार यादव के बाद वे उस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे नंबर के बल्लेबाज रहे। बात अगर संजू सैमसन की करें तो उन्होंने सीरीज के पूरे 5 मैच खेलकर केवल 46 रन ही बनाए।

### डीपीएस राऊ की अन्वेक्षा शिवान को गोल्ड



**इंदौर।** डीपीएस राऊ की छात्रा अन्वेक्षा शिवान को खेलो एम. पी. यूथ गेम्स बास्केटबॉल प्रतियोगिता मे गोल्ड मैडल प्राप्त हुआ। इसके पूर्व भी अन्वेक्षा ने कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं मे भाग लिया एवं एस.जी.एफ. आई. की अंडर 17 राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे ब्रॉन्ज मैडल जीतकर अपना एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। अन्वेक्षा की इस सफलता पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आशा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती वैशाली खरनाल, स्पोर्ट्स मैनेजर श्री अनुराग हार्डिया कोच श्री वेद प्रकाश तिवारी ने शुभकामनायें प्रदान की।

# भारतीय टीम रिकॉर्ड छठे अंडर-19 वर्ल्ड कप खिताब की तलाश में



**हरारे**-टूर्नामेंट में अब तक अजेय, आत्मविश्वास से भरी और हरफनमौला भारतीय टीम बुधवार को यहां ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ प्रबल दावेदार होगी। भारत इस इवेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम है, जिसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीता है, इसके बाद ऑस्ट्रेलिया है जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है।बुधवार को, भारत रिकॉर्ड छठे खिताब की ओर एक कदम आगे बढ़ाना चाहेगा।टूर्नामेंट में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा है, उसने अपने सभी पांच मैच काफी आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स स्टेज में कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी शामिल है।अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट काफी अच्छा रहा है, उसने अपने पांच में से चार मैच जीते हैं, उसे एकमात्र हार श्रीलंका से चार विकेट से मिली है। फॉर्म और ओवरऑल टीम को देखते हुए, नॉक-आउट मैच में भारत का पलड़ा अफगानिस्तान पर भारी रहेगा।विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू बल्ले से भारत के लिए स्टार परफॉर्मर रहे हैं, बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में 199 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं।बड़े शॉट लगाने वाले ओपनर वैभव सूर्यवंशी (5 मैचों में 196 रन, 2 अर्धशतक) भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन टीम मैनेजमेंट चाहेगा कि वह अपने अर्धशतकों को तीन अंकों के स्कोर में बदलें। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (5 मैचों में 172 रन) दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं जिन पर नज़र रहेगी। उन्होंने ग्रुप स्टेज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र शतक (109 नॉट आउट) बनाया था।

### अप्रत्याशित जीत से आगे, डच टीम निरंतरता की तलाश में: बास डी लीडे

**नई दिल्ली**-वैश्विक आयोजनों में उच्च रैंक वाली टीमों के खिलाफ अप्रत्याशित जीत दर्ज करने के लिए जानी जाने वाली नीदरलैंड्स की टीम अब सिर्फ़ इक्का-दुक्का जीत से आगे बढ़कर ICC पुरुष T20 विश्व कप में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का लक्ष्य बना रही है, ऑलराउंडर बास डी लीडे ने कहा। डी लीडे ने कहा कि निरंतरता डच टीम के लिए सभी भूमिकाओं, परिस्थितियों और खेल के चरणों में मुख्य फोकस बन गई है। 'जैसा कि मैंने पहले कहा, यह अपनी ताकतों को और मजबूत बनाने और जो मैं कर रहा हूं उसमें अधिक निरंतरता लाने के बारे में है, चाहे वह गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी,' डी लीडे ने बताया।डी लीडे ने अलग-अलग खेलने की परिस्थितियों से निपटने के लिए नीदरलैंड्स द्वारा कठोर योजनाओं के बजाय अनुकूलन क्षमता को प्राथमिकता देने के बारे में बात की। 'हमने चेन्नई में एक तैयारी शिविर लगाया था, जहाँ हमने अलग-अलग तरह की पिचों पर अभ्यास किया, यह समझने की कोशिश की कि गेंदबाजी के मामले में क्या काम करता है।

# देव्ज एकेडमी फायनल में, आरबीसीएफ की आसान जीत








इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-13 स्पर्धा के अंतर्गत आज एमवायसीसी एवं देव्ज एकेडमी के मध्य सेमीफायनल मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 45 ओवरो में सभी विकेट खोकर 99 रन बनाये। पवित्र पाटील ने 37 रन बनाये। आराध्य वर्मा ने 3 विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी ने अपनी पहली पारी में 64 ओवरो में सभी विकेट खोकर 102 रन बनाये और 3 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । रेयान, पवित्र एवं आशय ने 3-3 विकेट लिये । देव्ज एकेडमी ने अपनी दूसरी पारी में 23 ओवरो में सभी विकेट खोकर 111 रन बनाये ओर एमवायसीसी के समक्ष 109 रनों का लक्ष्य रखा। पवित्र पाटील ने 48 रन बनाये। रूद्राक्ष हाडा ने 4 विकेट लिये । लक्ष्य का पीछा करते हुए एमवायसीसी की टीम 19 ओवरो में मात्र 39 रनों पर सिमट गई और यह मैच 69 रनों से हार गई । प्रणय चौहान ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 11 रन देकर 7 विकेट लिये ।

**एकेसीए रोमांचक जीत के साथ सेमीफायनल में-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य क्वार्टर फायनल मैच एकेसीए एवं स्टार क्लब के मध्य खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 42 ओवरो में सभी विकेट खोकर 106 रन बनाये। जवाब में एकेसीए ने अपनी पहली पारी में 62 ओवरो में सभी विकेट खोकर 122 रन बनाये और 16 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । स्टार क्लब ने अपनी दूसरी पारी में 9 विकेट खोकर 131 रन बनाकर पारी समाप्ती की घोषणा की और एकेसीए के समक्ष 116 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए एकेसीए ने 48 ओवरो में 8 विकेट खोकर 227 रन बना लिये और यह मैच 2 विकेट से रोमांचक अंदाज में जीत लिया । आईडीसीए के तत्वावधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजित एवं संजय लुणावत फाउण्डेशन द्वारा प्रायोजित श्रीमती प्रभा सुरेशचन्द्र लुणावत अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज आरबीसीएफ एवं एसएलएफ के मध्य मैच खेला गया जिसमें आरबीसीएफ ने पहले खेलते हुए 35 ओवरो में सभी विकेट खोकर 167 रन बनाये। रिधान राठौर ने 45 रन बनाये। आराध्य परिहार ने 5 विकेट लिये। जवाब में एसएलएफ की टीम 30 ओवरो में 86 रनों पर सिमट गई और यह मैच 81 रनों से हार गई । अभिनंदन ने 3 विकेट लिये।

### जय गिरनारी की शानदार जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच जय गिरनारी एवं एसवीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एसवीसीए ने पहले खेलते हुए 15 ओवरो में मात्र 69 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये। महेन्द्र कामदार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 23 रन देकर 6 विकेट लिये। जवाब में जय गिरनारी क्लब ने 11 ओवरो में बिना किसी नुकसान के 71 रन बनाकर यह मैच 10 विकेट से जीत लिया । रूद्राक्ष ने नाबाद 36 रन एवं प्रथम ने नाबाद 25 रन बनाये।

# इंग्लैंड ने फाइनल में बनाई जगह, ऑस्ट्रेलिया को 27 रनों से हराया

**बुलावायो-ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की युवा टीमें अंडर 19 विश्व कप के सेमीफाइनल में आमने सामने थी, जहां इंग्लैंड ने 27 रनों से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह पक्की की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की**

अंडर 19 विश्व कप

**टीम ने 50 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 277 रन बनाने में कामयाब रही थी। इंग्लैंड के लिए केवल कप्तान ने ही शानदार पारी खेली। उन्होंने 107 बॉल पर 110 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 14 चौके और एक छक्का आया। बाकी कोई बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं लगा पाया।**

जवाब में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की टीम 47.3 ओवर में 238 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से इस मैच में उनके कप्तान




ओलिवर पीक ने शतक लगाया। वह 88 गेंदों पर 100 रन बनाकर आउट हुए। लेकिन उनकी ये पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के लिए नितेश शर्मा ने 47 और आर्यन शर्मा ने 34 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम अब फाइनल में भारत या अफगानिस्तान में से किसी एक टीम का सामना करेगी।